# राधे अलबेली सरकार | By Brij Rasik Maharani Sakhi Ji

बोलो तो एक बार
राधे अलबेली सरकार
जो बोलेगा राधे राधे
होगा भव से पार
बोलो तो एक बार
राधे अलबेली सरकार

मेरी अलबेली सरकार
राधे अलबेली सरकार

श्यामा हमारी जु बड़ी ही दयालु हैं
कृपा बरसाती हैं बड़ी ही कृपालु हैं
बड़ी ही कृपालु हैं..........
जो आ जाता है बरसाने
करती उसे दुलार
बोलो तो एक बार
राधे अलबेली सरकार

ना माने तो आजा गली बरसाने की
बोलता डोलेगा जय राधा रानी की
जय राधा रानी की ........
गोर चरण को मान ले अब तो
जीवन का आधार
बोलो तो एक बार
राधे अलबेली सरकार

अपने ये भगतो को सहारा देती हैं
डूबने वालो को किनारे लेती हैं
किनारे पे लेती हैं.......
इस दासी को भी कर लेना
महारानी स्वीकार
बोलो तो एक बार
राधे अलबेली सरकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%85%e0%a4%b2%e0%a4%ac%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%b8%e0%a4%b0%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-brij-rasik-maharani-sakhi-ji/